दिनांकः 29.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्र ने देश में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए 3 हजार 300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी–इनमें राजस्थान की दो बड़ी परियोजनाएं शामिल।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे।
- चीतों के पुनर्स्थापन और सरंक्षण के उद्देश्य से आज रणथम्भौर में राजस्थान सहित तीन राज्यों के वन अधिकारियों की बैठक का आयोजन–400 किलोमीटर लम्बे कॉरिडोर के निर्माण पर चर्चा की संभावना।
- केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड की ओर से आज से जयपुर में आदि महोत्सव का आयोजन।

....................

केन्द्र सरकार ने देश में प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लगभग 3 हजार 300 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें राजस्थान के पर्यटन विभाग से संबंधित क़रीब 145 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके तहत आमेर और नाहरगढ़ के विकास के लिए 49 करोड़ 31 लाख रुपये तथा जल महल क्षेत्र के विकास के लिए 96 करोड़ 61 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस संदर्भ में केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से कल नई दिल्ली में मुलाकात की थी। श्री शेखावत ने इन कार्यों की जल्द स्वीकृति का आश्वासन दिया था। दिया कुमारी ने मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही प्रदेश के भी हर क्षेत्र का विकास हो रहा है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी शामिल होंगे। सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रिसर्च एनालिसिस विंग–रॉ, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, सतर्कता ब्यूरो और एसपीजी के प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और पुलिस बलों की उभरती जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, यांत्रिक बुद्धिमत्ता और ड्रोन जैसी उभरती तकनीकों के कारण पेश आ रही चुनौतियों पर भी विचार–विमर्श होगा। इसके अलावा आतंकवाद से निपटने पर भी चर्चा की जाएगी।

....................

संविधान दिवस के उपलक्ष में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का आज आकाशवाणी से विशेष साक्षात्कार प्रसारित होगा। राज्य में आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से सुबह दस बजे इसका प्रसारण किया जाएगा। क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से लिये गये इस साक्षात्कार में श्री देवनानी से संविधान के इतिहास और विशेषताओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने इस साक्षात्कार में मूल अधिकारों और कर्तव्यों पर भी अपने विचार व्यक्त किये।

....................

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बाड़मेर ज़िला प्रशासन की ओर से ''सशक्त नारी–सशक्त समाज'' मरू उड़ान अभियान शुरू किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अभियान में महिला सशक्तीकरण, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, स्वरोज़गार, वित्तीय प्रबंधन तथा करियर मार्गदर्शन से जुड़े कार्यक्रमों को शामिल किया गया है।

...................

चीतों के संरक्षण और उन्हें विभिन्न स्थानों पर पुनर्स्थापित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी आज रणथम्भौर में राजस्थान सहित तीन राज्यों के 27 जिलों के वन अधिकारी विस्तार से चर्चा करेंगे। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि चीतों को बसाने के लिए बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। इनमें 400 किलोमीटर लम्बे कॉरिडोर का निर्माण भी महत्वपूर्ण है।

...................

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड की ओर से जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में आज से जयपुर में आदि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में देशभर के जनजातीय कारीगर और शिल्पकार अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा ने बताया कि दस दिन के इस महोत्सव का उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े करेंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव में 200 से अधिक जनजातीय कारीगरों और शिल्पकारों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा। श्री शर्मा ने बताया कि इस महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य जनजाति समुदाय का उत्थान करना है।

...................

देशभर में आयोजित किये जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में भरतपुर में आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कल शाम कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च के जरिए लोगों को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजाराम भूतोली ने कहा कि बाल विवाह, बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा उत्पन्न करता है। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से कई गांवों में जागरूकता रैली और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

...................

जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजयपाल लांबा ने कल कोटपूतली में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर साइबर क्राइम पर अंकुश के लिए ज्यादा सतर्कता के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा पूरी कोशिश करती है कि किसी भी तरह के साइबर अपराध की सूचना आने पर त्वरित कार्रवाई कर अपराध को रोका जाए। श्री लांबा ने अधिकारियों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बपसए रखने और अन्य अपराधों पर भी रोक लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। श्री लांबा ने महिला सुरक्षा और लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने को कहा।

...................

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू की दिसम्बर 2024 सत्रांत परीक्षाए 2 दिसम्बर से शुरू होंगी और अगले साल 9 जनवरी तक चलेंगी। इन परीक्षाओं में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और प्रमाण पत्र कार्यक्रमों के विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस बार 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 8 केंद्र जेल में अध्ययनरत कैदियों के लिए हैं। परीक्षा दो पारियों में आयोजित की जाएगी।

...................